३. रहीम के दोहे

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. रहीम के अनुसार किस प्रकार की प्रीति सराहनीय है ?

उ. रहीम के अनुसार दो भिन्न स्वभाव वाले मित्रों को मिलाकर एक करनेवाली प्रीति ही सराहनीय है । हल्दी का रंग पीला है और चूने का रंग सफेद है । हल्दी और चूने को मिलाने पर दोनों अपने - अपने रंगों को छोड़कर लाल रंग में बदल जाते हैं । उसी प्रकार दो मित्रों को अपने गुणों को छोड़कर विशेष गुण को अपनाना होगा । जिन मित्रों में भिन्नता नहीं होती, ऐसी प्रीति सराहनीय है ।

प्र.२. रहीम के अनुसार सच्चा मित्र कौन है ?

उ. रहीम जी का पूरा नाम खानखाना अब्दुल रहीम है । रहीम अकबर के दरबार में नवरत्नों में से थे । रहीम अपने दोहों के लिए प्रसिध्द हैं । उनके दोहे नीति परक और उपदेशात्मक हैं । रहीम के अनुसार सच्चा मित्र वही है जो आपत्ति में भी साथ रहे अलग न हो । जैसे दही को मथने पर मक्खन ठहरता है और मट्ठा अलग हो जाता हैं । सच्चा मित्र भी उसी प्रकार होता है ।

प्र.३. रहीम के अनुसार छोटों की उपेक्षा क्यों नहीं करनी चाहिए ?

उ. रहीम के दोहे नीति परक और उपदेशात्मक हैं । उनकी प्रसिध्दि का मुख्य कारण उनके दोहे ही हैं । रहीम के अनुसार छोटों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए । क्योंकि जहाँ सुई काम आती है वहाँ तलवार कुछ नहीं कर सकती । कपड़े सीने के लिए सुई चाहिए और तलवार युध्द में काम आती हैं । तलवार को देखकर सुई की उपेक्षा करना उचित नहीं है । छोटे - बडे प्रत्येक का अपना एक महत्व होता है ।

I. पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

१. प्रीति - प्रेम, प्यार

२. जल - पानी, नीर

३. साँप - सर्प, भुजंग

४. तन - काया, शरीर

II. निम्न शब्दों के वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१. काया - शरीर

हमें अपनी काया को स्वच्छ रखना चाहिए ।

२. जल - पानी

जल के बिना हम जीवित नही रह सकते ।

३. काम- कार्य

प्रत्येक मनुष्य को अपनी जीविका के लिए काम करना चाहिए ।

III. प्रत्यय अलग कीजिए ।

१. तस्वीर - ई २. सफेदी - ई

IV. वस्तुनिष्ठ प्रश्न उत्तर ।

१. रहीम का पूरा नाम क्या था?

उ. खानखाना अब्दुल रहीम

२. रहीम किस के दरबारी कवि थे ?

उ. अकबर

३. रहीमजी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उ. १५५६ ई. लाहौर में ।

४. रहीम के पिता का नाम क्या था ?

उ. बैरम खाँ ।

५. रहीम किस के लिए प्रसिध्द है ?

उ. अपने दोहों के लिए ।

६. रहीम के दोहे कैसे होते है ?

उ. नीति परक और उपदेशात्मक ।

७. चूना और हल्दी मिलाने से कौन - सा रंग बनता है ?

उ. लाल

८. रहीम के अनुसार सच्चा मित्र कौन है ?

उ. विपत्ति में साथ देनेवाला ।

९. "बिलगाय" शब्द का अर्थ क्या है ?

उ. अलग होना ।

१०. साँप क्या पीता है ?

उ. दूध

११. सुई के स्थान पर किसका प्रयोग नहीं हो सकता है ?

उ. तलवार

१२. रहीम ने सच्चे मित्र की तुलना किससे की है ?

उ. मठ्ठा

१३. हल्दी का रंग कैसा होता है ?

उ. पीला

१४. रहीम की मृत्यु कब हुई ?

उ. १६२६ में ।

***